राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O).

पत्रांकः एफ.7 (4) राजस्थान मिशन–2030/अकाद/आकाशि/2023–02661/151 दिनांकः 29 अगस्त, 2023

प्राचार्य,
समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय : महाविद्यालयों में अध्ययनरत NSS/NCC/रोवर रेंजर विद्यार्थियों के साथ राजस्थान मिशन–2030 अभियान के संबंध में 31 अगस्त 2023 को प्रातः 11.00 बजे संवाद कार्यक्रम आयोजित करने हेतु।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 28.08.2023 को मुख्य सचिव महोदया की अध्यक्षता में राजस्थान मिशन–2030 की समीक्षा बैठक में प्रदत्त निर्देशों की अनुपालना में महाविद्यालयों में अध्ययनरत NSS/NCC/ रोवर रेंजर विद्यार्थियों को राजस्थान मिशन–2030 अभियान के संबंध में 31 अगस्त 2023 को प्रातः 11.00 बजे संवाद कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों के साथ राजस्थान मिशन अभियान–2030 के विषय में परिचर्चा कर उनके सुझाव लिये जाने हैं।

इस हेतु आपको राजस्थान सरकार तथा कॉलेज शिक्षा विभाग की उपलब्धियों की संदर्भ सामग्री तथा विडियो क्लिप महाविद्यालय की ई–मेल पर प्रेषित की जा रही है। आप यह विडियो क्लिप तथा संदर्भ सामग्री सभी विद्यार्थियों को व्हाटसएप ग्रुप के माध्यम से शेयर करें ताकि 31 अगस्त, 2023 को 11.00 बजे आयोजित होने वाले संवाद कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी राजस्थान को देश का अग्रिम राज्य बनाने हेतु अपने अमूल्य सुझाव दे सकें तथा भावनात्मक रूप से इस कार्यक्रम से जुड़ सकें।

प्राचार्य मय NSS/NCC/रोवर रेंजर पदाधिकारी विद्यार्थियों को इस अभियान से जुड़ी सभी गतिविधियों की जानकारी देकर उनका उत्साहवर्धन करें ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस अभियान में सहभागी बन राजस्थान मिशन अभियान–2030 कों सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

संवाद कार्यक्रम से पूर्व आयुक्त कॉलेज शिक्षा द्वारा विडियों कॉन्फेसिंग के माध्यम से राजस्थान मिशन अभियान–2030 के सदर्भ में मार्गदर्शन किया जायेगा।

राजकीय महाविद्यालय इस गतिविधि के फोटोग्राफ्स, विडियो एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों के नाम एवं संख्या आदि संबंधित सूचनाओं को गूगल ड्राइव में संवाद कार्यक्रम का फोल्डर बनाकर उसका लिंक आयुक्तालय द्वारा जारी स्प्रैडशीट "Govt Colleges Mission 2030" में दिए गए महाविद्यालय के नाम की पंक्ति के अंत में गूगल ड्राइव लिंक को प्रेषित करें।

निजी महाविद्यालय इस गतिविधि के फोटोग्राफ्स, विडियो एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों के नाम एवं संख्या आदि संबंधित सूचनाओं को आयुक्तालय द्वारा जारी स्प्रैडशीट "Private college Mission 2030" में भरकर भिजवाना सुनिश्चित करेंगे तथा फोटोग्राफ्स और विडियो jdpi.cce@gmail.com पर प्रेषित करेंगे।

सीमा करवा
संयुक्त निदेशक, (अकादमिक)
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान

पत्रांकः एफ.7(4) राजस्थान मिशन–2030/अकाद/आकाशि/2023–02661/151 दिनांकः 29 अगस्त, 2023
प्रतिलिपी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सहायक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक निजी संस्थाएं, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान को निर्देशानुसार लेख है कि वे निजी संस्थाओं द्वारा प्रतिदिन आयोजन की प्रेषित की जाने वाली विडियो एवं फोटोग्राफस की मॉनिटरिंग करें। इसके लिए उचित निर्देश अपने स्तर से जारी करावें।
4. वेब प्रभारी आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान को अपलोड करने हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

ललिता
प्रभारी अधिकारी
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ